# छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर

अपेक्स बैंक (Apex Bank)

मुख्यालय "सहकार भवन", प्लॉट नं.–74, सेक्टर–24, अटल नगर, नवा रायपुर(छ.ग.) 492002

Website : www.cgapexbank.com Email : cg.apexbank.ho@gmail.com

छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्र. 6748 दिनांक 28/3/25

**छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में कनिष्ठ प्रबंधक–(2), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ/मुख्य लेखापाल) एवं उप प्रबंधक के कुल 06 रिक्त पदों पर चयन हेतु दस्तावेज सत्यापन में पात्र अभ्यर्थियों के साक्षात्कार संबंधी सूचना का प्रकाशन**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर द्वारा बैंक की वेबसाइट में प्रकाशित सूचना क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 4506 दिनांक 03.12.2024 के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में **कनिष्ठ प्रबंधक–(2), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ/मुख्य लेखापाल), उप प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक** के सीधी भर्ती के कुल 09 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा दिनांक 29.10.2023 में व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम दिनांक 04.12.2023 में पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची से दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात् अभ्यर्थियों से प्राप्त समस्त दावा–आपत्ति के निराकरण उपरांत अंतिम रूप से पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया गया है।

अतः कनिष्ठ प्रबंधक–(2) के 03 पद, कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ/मुख्य लेखापाल) के 02 पद, उप प्रबंधक के 01 पद, इस प्रकार कुल 06 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची से मेरिट क्रम में निम्नानुसार 18 अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0 | अभ्यर्थी का नाम | लिखित परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों की सूची में मेरिट क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | विनीता देवांगन | 1 |
| 2 | अतुल नारायण पटेल | 3 |
| 3 | रूपेश गुप्ता | 7 |
| 4 | संध्या गोयल | 8 |
| 5 | जया चौबे | 10 |
| 6 | मिंकी साहू | 11 |
| 7 | अमन कुमार पटेल | 12 |
| 8 | वेदप्रकाश देवांगन | 13 |
| 9 | आकाश सिंह राजपूत | 15 |
| 10 | आशीर्वाद मिश्रा | 18 |
| 11 | अभिलाष शर्मा | 22 |
| 12 | सुखसागर | 29 |
| 13 | शाहीन खान | 34 |
| 14 | लक्ष्मी प्रसाद कश्यप | 36 |
| 15 | विवेक कुमार ध्रुव | 43 |
| 16 | प्रेरना सिंह गौतम | 44 |
| 17 | पूजा महानंद | 50 |
| 18 | उपेन्द्र गुप्ता | 52 |

साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान :–

| क्र. | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | 21.04.2025 | दोपहर 12:00 बजे से | **छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मुख्यालय, सहकार भवन, प्लॉट नं.–74, सेक्टर–24, नवा रायपुर** |

साक्षात्कार हेतु आवश्यक निर्देश :–

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे साक्षात्कार हेतु उपरोक्त उल्लेखित तिथि एवं स्थान पर निर्धारित समय से आधा घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। साक्षात्कार की सूचना, अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदन फार्म में दर्ज किये गये पते पर रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की जायेगी। साक्षात्कार में अभ्यर्थी को निम्नानुसार दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना होगाः–

(1.) बैंक द्वारा साक्षात्कार हेतु प्रेषित सूचना पत्र ।
(2.) जन्मतिथि के प्रमाण हेतु दस्तावेज जैसेः– जन्म प्रमाण पत्र, हाई स्कूल (10+2) प्रमाण पत्र जिससे जन्म तिथि प्रमाणित होती हो ।
(4.) आधार कार्ड एवं निवास के पते के सत्यापन के संबंध में प्रमाण–पत्र।
(5.) बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र/अंकसूची की मूल प्रति।
(6.) छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र ।
(7.) अन्य विशेष वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट संबंधी प्रमाण पत्र।
(8.) अभ्यर्थी यदि किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा/निगम/मण्डल/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/स्वशासी संस्था में कार्यरत है तो नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र ।
(9.) अन्य ऐसे प्रमाण पत्र/दस्तावेज जिन्हें साक्षात्कार में प्रस्तुत किया जा सकता हो ।

जिन अभ्यर्थियों को डाक द्वारा सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है वे उपरोक्त तालिका अनुसार साक्षात्कार में उपस्थित होवें। यदि साक्षात्कार हेतु उपरोक्त उल्लेखित तिथि, स्थान एवं समय पर अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होते हैं तो उन्हें उक्त पदों पर चयन हेतु अपात्र माना जायेगा। साक्षात्कार में अभ्यर्थियों के अलावा अन्य व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। मोबाइल, लैपटॉप एवं अन्य गैजेट्स रखने की अनुमति नहीं होगी।

साक्षात्कार उपरांत लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के अंकों के योग के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जायेगी जिसके अनुसार निम्नानुसार पदक्रम में अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जायेगी :–

1. कनिष्ठ प्रबंधक–(2) – 03 पद
2. कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ/मुख्य लेखापाल) – 02 पद
3. उप प्रबंधक – 01 पद

अभ्यर्थी यदि चाहे तो संलग्न प्रारूप में पदों की वरीयता दर्ज कर सकता है। जिन पदों पर अभ्यर्थी द्वारा वरीयता दर्ज नहीं की जायेगी उन पदों पर चयन हेतु उनके नाम पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा दी गई वरीयता में किसी भी प्रकार का संशोधन मान्य नहीं किया जायेगा तथा मेरिट क्रम में आने वाले अभ्यर्थी द्वारा दर्ज वरीयता के आधार पर संबंधित पद पर उनका चयन किया जायेगा।

उक्त पदों पर चयन के उपरांत, सहायक प्रबंधक के 03 पद पर चयन, लिखित परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों की सूची के मेरिट अंक के आधार पर किया जायेगा।

**संलग्न : प्रारूप**

**प्रबंध संचालक**

प्रारूप

## छ.ग.राज्य सहकारी बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक–(2), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ / मुख्य लेखापाल) एवं उप प्रबंधक के कुल 06 रिक्त पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार

## पद की वरीयता चयन करने संबंधी फॉर्म

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अभ्यर्थी का नाम | :................................................................................ |
| 2. | पिता / पति का नाम | :................................................................................ |
| 3. | लिखित परीक्षा में पात्र अभ्यर्थी की सूची में मेरिट क्रमांक | :................................................................................ |
| 4. | चयनित पद की वरीयता | (i)................................................................................ |
| | | (ii)................................................................................ |
| | | (iii)................................................................................ |

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषित करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा चयन की पूर्ण प्रक्रिया से संतुष्ट / सहमत होकर साक्षात्कार के दौरान रिक्त पदों के विवरण का भली–भांति अवलोकन कर उपरोक्त रिक्त पदों की वरीयता का चयन किया गया है जिसके आधार पर मुझे अपनी नियुक्ति मान्य होगी। भविष्य में मेरे द्वारा इस संबंध में किसी भी प्रकार का वाद–विवाद नहीं किया जायेगा।

स्थान : ............................

दिनांक :...............................

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्या. रायपुर अपेक्स बैंक